Title: Need to provide financial assistance to State Government of Uttar Pradesh for deepening of rivers in Jalesar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid.

प्रो.एस.पी.सिंह बघेल (जलेसर) : अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्रीय जल आयोग तथा केन्द्रीय नदी आयोग का ध्यान आपके माध्यम से जलेसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि मेरे क्षेत्र में ईसन नदी, करौं नदी और सिरसा नदी के उथलेपन के कारण आयी बाढ़ एवं जल भराव से पिछले कई वर्षों से फिरोज़ाबाद तथा एटा जनपद के ब्लाक टूंडला, नारखी तथा जलेसर एवं अवागढ़ के सैंकड़ों गांव तथा निधोली एवं भारहरा के सैंकड़ों गांव प्रभावित हैं। यदि केन्द्रीय सरकार के अधीन केन्द्रीय जल आयोग या केन्द्रीय नदी आयोग द्वारा इन नदियों की खुदाई करवा दी जावे तो पानी का ठहराव एवं भराव नहीं होगा तथा पानी सुगमतापूर्वक बह जायेगा। जल भराव के कारण सभी सम्पर्क मार्ग टूट जाते हैं तथा फसल हानि, पशु हानि एवं जन हानि होती है। राज्य सरकार द्वारा आर्थिक तंगी होने के कारण तथा जिला योजनाओं में भी पैसे की कमी के कारण इन नदियों की खुदाई करना संभव नहीं है।

अतः मेरा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि केन्द्रीय सरकार अपने अधीन विभागों द्वारा जलेसर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की सिरसा, करौं तथा ईसन नदी जो कि मिट्टी के भराव के कारण उथली हो गई है, की खुदाई करवा दें जिससे संबंधित क्षेत्र के किसानों को बाढ़ से होने वाली हर प्रकार की हानि से बचाया जा सके। इसके लिये केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार को उचित धनराशि प्रदान करे।